उद्यान विज्ञान विभाग,
श्री क.न. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर

क्रमांकः उद्यान / श्रीकनकृमवि / 2026 / 4145 दिनांकः 28.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के आसलपुर फार्म पर 414 लेहसुवा के पेडों के फलो की खुली बोली द्वारा निलामी की जायेगी। अतः जो भी सज्जन लेहसुवा के फलो को बोली लगाकर लेना चाहे वो दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे आसलपुर फार्म पर उपस्थित हो कर बोली लगा सकते है।

खुली बोली निलामी की शर्ते निम्न प्रकार होगी

1. बोली छूटने के बाद $\frac{1}{4}$ हिस्सा राशि उसी समय जमा करनी होगी व शेष राशि जमा करवाने पश्चात् ही लेहसुवा के फलो को तोड़ सकेगा।
2. लेहसुवा फलो को तोडने की अवधि बोली छूटने से दो माह तक की होगी।
3. लेहसुवा के बगीचे की रखवाली व फलों की तुडाई का कार्य बोलीदाता का होगा।
4. फलो को पेड़ो से सावधानी से तोड़ना होगा जिससे पेड़ो को नुकसान नही पहुचे।
5. बोलीदाता द्वारा कार्य पर लगाये गये समस्त व्यक्तियों के नाम व पते पहचान आदि की सूचना फार्म कार्यालय में देनी होगी।
6. बोलीदाता द्वारा वैज्ञानिको द्वारा प्रयोग हेतु लेहसुवा फल बाजार भाव पर समय–2 पर उपलब्ध करवाने होगे।
7. बोलीदाता तय समय में रकम जमा नही करवाता है तो उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ठेका रद्द कर दिया जायेगा।
8. किसी भी तरह का विवाद ठेका निपटारे हेतु श्रीमान् अधिष्ठाता श्री क.न. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा उनका निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
9. निलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति का बैंक में खाता होना आवश्यक है।
10. समस्त बोलीदाताओं को निलामी से पूर्व अमानत राशि रू.1000/– जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता के अलावा समस्त बोलीदाताओं की अमानत राशि निलामी के पश्चात लौटा दी जायेगी।
11. बोलीदाता को निलामी से पूर्व स्वंय का वैद्य पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान वित नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को प्रेषित कर अनुरोध है कि उक्त खुलीबोली हेतु आपका प्रतिनिधि नियुक्त करने का श्रम करावें।
2. श्रीमान अधिष्ठाता, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर।
3. श्रीमान आहरण एवं वितरण अधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर।
4. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त निविदा को विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
5. संयोजक एवं समस्त सदस्य निलामी समिति
6. नोटिस बोर्ड नगरपालिका जोबनेर, ग्राम पंचायत जोरपुरा, जोबनेर, बोबास, ढाणी बोराज, आसलपुर व गुढा बेरसल
7. रक्षित पत्रावली

प्रभारी
AICRP on AZF